तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025

10 किसान कतार में, कालाबाजारी सरपट



12 जोरातराई के 40 साल पुराने शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग का ...





काम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रात: 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

### बच्चों और पालकों ने धमतरी नगरी मुख्य मार्ग पर किया चक्काजाम, समझाइश के बाद खुला ताला

# दुगली, सेमरा स्कूल में पालकों ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

दुगली स्कूल में शिक्षकों की मांग पूरी नहीं होने और सेमरा स्कूल में प्रधानपाठक को हटाने और नए शिक्षक की मांग को लेकर छात्रों और पालकों ने स्कूल में ताला जड़ा। अधिकारियों की समझाइश के बाद ताला खोला गया।

नया शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होते ही स्कूलों में तालाबंदी की घटना सामने आने लगी है। सिहावा और नगरी वनांचल क्षेत्र के स्कूलों में लंबे समय से शिक्षकों की कमी की समस्या बनी हुई है।

शासकीय प्राथमिक शाला दुगली में शिक्षकों की मांग पूरी नहीं होने पर छात्रों और पालकों ने स्कूल के गेट में ताला बंद कर दिया। प्राथमिक शाला दुगली सन 1927 से ब्रिटिश काल से संचालित है। युक्तियुक्तकरण के तहत आश्रम प्राथमिक शाला दुगली को प्राथमिक शाला दुगली में समायोजन किया गया है। समायोजन होने के पश्चात प्राथमिक शाला दुगली में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 85 है जिसमें विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) बच्चे भी अध्ययनरत हैं। वर्तमान में केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा इनके लिए विशेष सुविधा एवं योजना चलाई जा रही है। यहां एक ही शिक्षिका पदस्थ हैं। एकल शिक्षकीय शाला होने के कारण शिक्षा व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है।

पालक समिति के अध्यक्ष ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला दुगली में अतिशीघ्र 2 शिक्षकों की मांग की थी। इसके बाद भी प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। नाराज पालकों ने शासकीय प्राथमिक शाला दुगली में तालाबंदी कर दी। बच्चे और पालक चक्काजाम करते हुए धमतरी नगरी मुख्य मार्ग पर बैठ गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा दो शिक्षक की व्यवस्था करने का आश्वासन मिलने के बाद ताला खोला गया।



## क्या बोले पालक

प्रदर्शन कर रहे पालकों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई ढंग से नहीं हो पा रही है। शिक्षक हैं ही नहीं और जो हैं वे बच्चों को पढ़ाने की बजाय अक्सर गायब रहते हैं। हमने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## शिक्षा विभाग पर उठे सवाल

नए सत्र की शुरुआत होते ही जिले में यह तीसरी या चौथी बार है जब पालकों ने स्कूल में तालाबंदी की है। पहले भी कई ग्रामीण इलाकों से इस तरह की खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन शिक्षा विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। पालकों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही शिक्षक नियुक्त नहीं हुए या विभाग की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। वे कलेक्टर और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपने की भी तैयारी में हैं।

## प्रधानपाठक को हटाने तथा नए शिक्षक की मांग



वहीं नगरी ब्लाक के ग्राम सेमरा की शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला में शिक्षक की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ताला जड़ा। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हीरालाल साहू के नेतृत्व में शाला में ताला जड़ा गया है। बता दें कि ग्रामीण प्रधानपाठक को हटाने और नए शिक्षक की मांग को लेकर साल में ताला जड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं की जाएगी तब तक स्कूल का ताला नहीं खोला जाएगा। इसकी जानकारी होने पर नगरी बीआरसी प्रकाशचंद साहू शाला पहुंचे और ग्रामीणों और शाला प्रबंधन समिति को समझाने की कोशिश की। मगर पालक समिति प्रधानपाठक को तुरंत हटाने और शिक्षक की पदस्थापना की मांग की। बीआरसी द्वारा शिक्षक की व्यवस्था किए जाने का आश्वासन मिलने पर ग्रामीणों ने ताला खोला।

### शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जहां पर शिक्षक नहीं होने की शिकायत मिल रही है, वहां जांच की जा रही है। जहां शिक्षक की कमी है, वहां व्यवस्था की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### प्री-डीएलएड तथा प्री-बीएड की प्रवेश परीक्षा 20 को

**धमतरी।** प्री-डीएल एड तथा प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई रविवार को होगी। प्री-डीएलएड की प्रवेश परीक्षा प्रथम पॉली में प्रातः 10 से दोपहर 12:15 बजे तक, प्री-बीएड की प्रवेश परीक्षा दोपहर 2 से 4:15 बजे तक निर्धारित है। परीक्षार्थी पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विवि बिलासपुर व्दारा जारी प्रवेश पत्र तथा एक मूल पहचान पत्र के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र की जांच उपरांत ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर तथा अन्य इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### गायत्री परिवार की बैठक 20 को

**धमतरी।** जन्म शताब्दी समारोह की पूर्व तैयारी के लिए चर्चा करने गायत्री परिवार धमतरी ब्लाक के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के परिजनों की बैठक 20 जुलाई रविवार को दोपहर 2 बजे रिसाईपारा स्थित गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में आयोजित की गई है। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिलीप नाग एवं ब्लाक समन्वयकगण उगेश बंसोड़ एवं शेखन साहू ने परिजनों से उपस्थित होने का निवेदन किया है।



### प्लेसमेंट कैम्प 21 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 21 जुलाई को किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा फाइनेंशियल को-आर्डिनेटर, सिक्युरिटी गार्ड, सिक्युरिटी सुपरवाईजर, लेबर सहित कुल 460 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यताएं 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक उत्तीर्ण हो, प्लेसमेंट कैम्प की साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।

### महिला ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान होकर महिला ने सीढ़ी की रेलिंग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार विजेता शिंदे पति प्रवीण उम्र 44 वर्ष तबीयत खराब होने पर ससुराल से मायका मराठापारा आई थी। उसे सर्वाइकल की समस्या थी। लगभग 3 माह से मायके में रहकर बेड रेस्ट ले रही थी। नसों में होने वाली असहनीय दर्द से वह परेशान रहती थी। आपरेशन कराने से डर रही थी। गुरुवार को महिला को बुखार था। महिला ने शुक्रवार की सुबह घर की सीढ़ी की रेलिंग में चुनरी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया।

**बंदियों को लाने ले जाने में हो रही परेशानी से मिलेगी मुक्ति**

# लंबे इंतजार के बाद जिला जेल को मिला नया वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वाहनविहीन चल रहे जिला जेल को लंबे इंतजार के बाद आखिर अपना वाहन मिल गया है। वाहन मिल जाने से अब बंदियों को लाने ले जाने में आसानी होगी।

धमतरी जिला जेल लगभग डेढ़ वर्ष से वाहन नहीं होने की समस्या से जूझ रहा था। जेल का अपना वाहन नहीं होने के कारण बंदियों का उपचार कराने एम्बुलेस तो कभी ई-रिक्शा की मदद से जिला अस्पताल लाते थे। वहीं ज्यादा होने पर जेल प्रशासन पुलिस वैन की मदद लेता था। जबकि लगभग दो वर्ष पहले जिला जेल के पास एक सूमो वाहन था जिसके माध्यम से बंदियों को लाना ले जाना किया जाता था लेकिन सूमो वाहन के कंडम घोषित होने पर उसे सेवा से हटा दिया गया। उसके बाद से जेल के पास वाहन की कमी की समस्या आ गई जिसके लिये विभाग द्वारा मांग की जा रही थी। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार जेल को इको वैन के रूप में वाहन मिल गया जिससे अब बंदियों को सुरक्षित रूप से लाया ले जा सकेगा।



सहायक जेलर एनके डहरिया ने बताया कि लगभग डेढ़ साल तक जेल के पास वाहन नहीं था। पुलिस वाहन बुलाकर बंदियों को इलाज के लिये ले जाते थे। अब जेल को नया वाहन मिल गया है। बंदियों को अस्पताल ले जाने में सहूलियत होगी।

# नोटिस की अवधि खत्म, रेलवे हटाएगा बेजा अतिक्रमण

- सन 2025 के अंत तक प्रोजेक्ट को पूरा करने का है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रेल विभाग द्वारा रेलवे ट्रेक बिछाने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। विभाग का लक्ष्य है कि दिसम्बर के अंतिम सप्ताह या जनवरी 2026 तक रायपुर से धमतरी रेलवे ट्रेक पर बड़ी रेल दौड़े लेकिन इसमें सबसे बड़ी बाधा है रेलवे स्टेशन के पास अतिक्रमित जमीन को हासिल करना। बार-बार नोटिस के बाद भी रहवासी नहीं हट पा रहे हैं। इधर रेलवे प्रभावित परिवारों का कहना है कि बाहर में रहने का ठिकाना नहीं है। कोई किराया का मकान देने को तैयार नहीं है। महिमासागर वार्ड, विंध्यवासिनी वार्ड में निर्मित बहुमंजिला पीएम आवास अभी भी अधूरा है। पशोपेश में पड़े परिवार जिला एवं निगम प्रशासन का कई चक्कर काट चुके हैं लेकिन आश्वासन के अलवा कुछ नहीं भी नहीं मिला है।



प्रभावित परिवार शांति बाई, जानकी बाई, राही बाई, संतोष कुमार, सुनीता आदि ने बताया कि वे 50 सालों से यहां रह रहे हैं। 290 परिवारों में 80 से अधिक परिवार पहले ही जमीन खाली करके यहां-तहां रह रहे हैं। बाकी परिवार विस्थापन की राह ताक रहे हैं। बार-बार के अल्टीमेटम से लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं। अब 19 जुलाई के बाद रेलवे स्पॉट पर आकर कार्रवाई करेगा।

रेल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 555 करोड़ की लागत से तैयार हो बड़ी रेल परियोजना को जल्द शुरू करने का ऊपर से प्रेशर है। आदेश के बाद 19 जुलाई तक जमीन खाली करने का नोटिस दिया गया है। 19 के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। 67.20 किमी लंबी रेल लाइन प्रोजेक्ट को साल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# यातायात पुलिस ने स्कूली वाहनों की चेकिंग कर छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- पुलिस का सड़क सुरक्षा अभियान हुआ तेज

स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने यातायात पुलिस सघन अभियान चलाकर स्कूल के वाहनों की जांच कर छात्रों को जागरूक कर रही है।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत स्कूली वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य रूप से ओव्हर स्पीड न करना, वाहन में लटककर सफर न करना, निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को न बिठाना, बच्चों को स्कूल परिसर के भीतर से ही वाहनों में सवार करना तथा उतारना, वाहनों की नियमित जांच कराना तथा सुप्रीमकोर्ट के निर्देशों का पालन करना बताया गया। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोयना व मुजगहन में सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें यातायात प्रभारी व स्टाफ ने विद्यार्थियों की सड़क सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।





इसके साथ ही विद्यार्थियों को ट्रेफिक लाइट्स, संकेत चिन्हों व स्टाप लाइन के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों पर भी प्रकाश डालते हुए बताया गया कि लापरवाही के कारण जान जोखिम में पड़ सकती है। वहीं जागरुकता से इन दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। इस जागरुकता कार्यक्रम में लगभग 300 छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिशवश युवक पर पत्थर से हमला

**धमतरी।** पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक पर पत्थर से हमला कर उसे चोट पहुंचाई है। पुलिस के अनुसार मुकेश कुमार महार पिता कुंवर सिंह उम्र 28 वर्ष रामपुर वार्ड निवासी केटरिंग का काम करता है। बुधवार को वह संजय सोनकर के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 3840 से कैरेट जमा करने श्यामतराई सब्जी मंडी गया था। जहां से रात्रि में दोनों वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में लघुशंका के लिये रूके थे तभी शेखर ध्रुव, दीपांशु ध्रुव व रूपेश साहू वहां पहुंच गए और पुरानी रंजिश की बात को लेकर मुकेश को अश्लील गाली दी। मना करने पर शेखर व दीपांशु ने मारपीट कर हाथ में पहने चूड़े से मुकेश पर हमला किया। रूपेश ने पास में पत्थर से मारपीट कर चोट पहुंचाया। मारपीट से मुकेश के सिर, आंख के नीचे, हाथ व पीठ में चोट लगी है। वहीं बीच बचाव कर रहे संजय सोनकर के साथ भी तीनों ने मारपीट की है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी शेखर ध्रुव, दीपांशु ध्रुव व रूपेश साहू के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# 7.35 किग्रा अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

गांजा तस्करों की धरपकड़ में पुलिस को सफलता मिल रही है। कुरूद पुलिस ने दो आरोपियों से 7.35 किग्रा गांज, नकदी व मोबाइल सहित 1 लाख रू.से अधिक की जब्ती बनाकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोंगरा रोड पर दो व्यक्ति थैलों में मादक पदार्थ गांजा ले जा रहे हैं। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम तत्काल रवाना होकर मौके पर पहुंची।। मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा और पूछताछ व तलाशी ली। इस दौरान दोनों के पास से कुल 7.35 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार किये गए आरोपियों में उमेश कुमार यादव पिता शिवकुमार यादव उम्र 27 वर्ष एवं तुलाराम कंवर पिता स्व. राधेश्याम कंवर उम्र 52 वर्ष हैं। दोनों आरोपी ग्राम छाती के रहने वाले हैं। आरोपियों के विरुद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

# महानदी किनारे 14 किमी में 4000 नारियल के पौधे रोपे गए

- नारियल की खेती से किसानों को दीर्घकालिक आमदनी का नया विकल्प मिलेगा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी अब केवल एक नदी नहीं रही, बल्कि जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की एक सशक्त प्रतीक बनकर उभर रही है। इसी क्रम में महानदी जागरूकता अभियान अंतर्गत फरसियां से गणेशघाट तक 14 किमी लंबी पट्टी में लगभग 4000 नारियल के पौधों का रोपण अभियान चलाया गया। इस ऐतिहासिक अभियान का शुभारंभ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नारियल पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, प्रकाश बैस समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





कलेक्टर ने बताया कि नगरी क्षेत्र का भौगोलिक व जलवायु परिस्थितियां नारियल वृक्ष के लिए उपयुक्त पाई गई हैं। कृषि विज्ञान केंद्र एवं अन्य विशेषज्ञ संस्थानों के माध्यम से परीक्षण कर इसकी पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा कि नारियल की खेती से किसानों को दीर्घकालिक आमदनी का एक नया विकल्प मिलेगा। किसान अपने खेतों, मेड़ों और घर के आसपास नारियल के पौधे लगाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि गांव सेमरा में नारियल की नर्सरी की स्थापना की जा रही है, जिससे भविष्य में गुणवत्तापूर्ण पौधों की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। वहीं नगरी से गरियाबंद को जोड़ने वाले मार्ग नाला निर्माण के लिए भी टेंडर जारी हो गया। जल्द ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा है। इससे नगरी और गरियाबंद जिले की दूरी कम होगी तथा व्यापार और रोजगार में बढ़ोतरी होगी।

इस अवसर पर उन्होंने मछुआ समिति को मछली जाल वितरित किए। नारियल के पौधों का वितरण किया। आगे कहा कि गणेश घाट क्षेत्र, श्रृंगी ऋषि पहाड़ और आश्रम क्षेत्र में पेंटिंग जैसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के पास यह पौधरोपण पर्यटन को भी नया आयाम देगा।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### भारतीय इतिहास गुरु शिष्य परंपरा से समृद्ध रहा है : प्रो. रविशदास

**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल में रासेयो इकाई द्वारा महर्षि वेदव्यास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं संस्कृत मंत्र का वाचन किया गया। व्यास जयंती गुरु पूजन पर आधारित होती है जो गुरु पूर्णिमा के दिन विशेष रूप से आयोजित की जाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिन्हा ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से महर्षि वेदव्यास के जीवन चरित्र एवं उनके द्वारा भारतीय संस्कृति को दिए गए अमूल्य योगदान के बारे में बताया। महाभारत की रचना वेदव्यास जी द्वारा की गई। व्यासजी ने वेदांत दर्शन को छोटे-छोटे सूत्रों में लिखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख प्रो. रविशदास ने कहा कि भारतीय इतिहास गुरु शिष्य परंपरा से समृद्ध रहा है। गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं है। सदैव गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन पीताम्बर सिन्हा द्वारा किया गया। मौके पर सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, कमलेश दीवान, नूतन दीवान सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

- कंडेल कॉलेज में मनाई गई महर्षि वेदव्यास की जयंती

### पुरी में मनी गुरु पूर्णिमा

**पुरी।** नवीन प्राथमिक शाला पुरी में शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। लावण्या यादव कक्षा 5वीं, चांदनी यादव द्वारा श्रीफल एवं पुष्पमाला द्वारा गुरुजनों का सम्मान किया गया।

## निधन

### वेदव्यास साहू



**मगरलोड।** ग्राम बेलरदोना निवासी वेदव्यास साहू (गोपू) 20 वर्ष का निधन 17 जुलाई गुरुवार को हो गया। वे अपने पीछे पिता जागेश्वर साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकगण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### मनराखन नेताम



**मगरलोड।** ग्राम तेंदूभाठा निवासी मनराखन नेताम 76 वर्ष का निधन 16 जुलाई बुधवार को हो गया। वे अपने पीछे पत्नी हीराबाई नेताम, पुत्र मिलन नेताम सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकगण शामिल हुए।

### रामबाई गुरु

**धमतरी।** ग्राम रावनगुड़ा निवासी श्रीमती रामबाई गुरु 76 वर्ष का निधन हो गया। वे स्व. चंद्रहास गुरु एवं चंद्रसेन गुरु की माताजी तथा सतीश गुरु की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### नगरी में 'गुप्त' खाद ट्रक पकड़ाया, कृषि विभाग साइलेंट मोड पर

# किसान कतार में, कालाबाजारी सरपट

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जहां एक ओर किसान यूरिया और डीएपी के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर भी खाली हाथ लौट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगरी विकासखंड के रतावा-बिरनासिल्ली बैरियर पर खाद से भरा एक ट्रक बिना किसी वैध दस्तावेज के पकड़ा गया है। हैरानी की बात यह है कि चार दिन बीत जाने के बावजूद अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कृषि विभाग की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक में बड़ी मात्रा में डीएपी और यूरिया खाद लोड थी, जिसे नगरी-बोराई मार्ग से उड़ीसा ले जाया जा रहा था। किसान बोले- हमें खाद के लिए ठोकरें, इन्हें माल ढुलाई की छूट। इस पूरे घटनाक्रम के बाद किसानों में आक्रोश है। एक किसान ने कहा कि हम खाद के लिए घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, और यहां ट्रकों में माल लादकर चुपचाप पार किया जा रहा है। अगर प्रशासन ऐसे मामलों में मौन रहेगा, तो कालाबाजारी को कौन रोकेगा।

#### स्थानीय रसूख का साया

स्थानीय स्तर पर इस पूरे मामले में नगरी के एक बड़े व्यापारी का नाम चर्चा में है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है।

#### विभाग का मौन कई संकेत दे रहा

सबसे अहम सवाल यह है कि जब किसानों को उनके हिस्से की खाद नहीं मिल पा रही, तब ट्रकों में खाद भरकर तस्करी के अंदाज में राज्य से बाहर भेजना कैसे संभव हो रहा है और विभाग की इस चुप्पी का आखिर मतलब क्या है।

#### रिपोर्ट कलेक्टर को भेजी गई



इस मामले पर एसडीएम नगरी ने पुष्टि की है कि प्रथम दृष्टि में यह खाद परिवहन अवैध प्रतीत होता है, क्योंकि वाहन चालक किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद कार्रवाई हेतु पूरी रिपोर्ट कलेक्टर को प्रेषित कर दी गई है।

# बिजली बिल में अधिभार की मार से जनता परेशान

- कांग्रेसियों ने बिजली कार्यालय में बोला हल्ला, बढ़ी बिजली दर को वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड द्वारा विद्युत कार्यालय मगरलोड का घेराव किया गया। कांग्रेसियों ने कहा कि छग सरकार के मात्र डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में बिजली दर में चौथी बार बेतहाशा वृद्धि की गई है जिसके चलते व्यापारियों, किसानों एवं आम उपभोक्ताओं को बिजली बिल में अधिभार की मार पड़ रही है। आम जनता में सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड ने शुक्रवार को रैली के माध्यम से सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए विद्युत मंडल मगरलोड का घेराव किया एवं कनिष्ठ यंत्री विद्युत विभाग मगरलोड को ज्ञापन सौंपा और यह चेतावनी दी कि बढ़ी हुए बिजली दरों में कमी नहीं करने पर पुनः उग्र आंदोलन किया जाएगा। जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुए बढ़ी हुई बिजली दरों को तत्काल वापस लिया जाए।

इस प्रदर्शन में हेमंत देवांगन, जनपद सदस्य विनीत बाफना, नारद साहू, राजेंद्र साहू, गौतम साहू, बालगोविंद साहू, विशाल साहू, रेखनारायण साहू, लेखराम साहू, जगमोहन साहू, देवकुमार यादव, शंकर साहू, नेहरू साहू, देवेंद्र पाल, फूलजी सिन्हा, हरिविनायक सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, हरीराम साहू, गोवर्धन साहू, संतोष चक्रधारी, चुन्नीलाल साहू, लक्ष्मण साहू, भोलाराम साहू, रामप्रसाद यादव, संतोष साहू, चंद्रहास साहू, खिलेश्वरी साहू, रेखा साहू, रुक्मणि सिन्हा, सुमन साहू, जगजीत कौर, कांति साहू, बेनु सोनी, भेपेंद्र कंवर समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भखारा नपं ने रचा स्वच्छता का इतिहास, टॉप सौ में बनाई जगह

- ओडीएफ प्लस और कचरा मुक्त शहर में भी उल्लेखनीय सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी




स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भखारा नगर पंचायत ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अब तक के सभी सर्वेक्षणों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नगर ने देशभर में टॉप 100 नगरों में 39वां स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता संपूर्ण नगर की जागरूकता, जनभागीदारी और सतत प्रयासों का परिणाम है। पिछले वर्ष 2023-24 में भखारा की रैंकिंग 865 थीं, जो अब 39वें स्थान पर पहुंच गई है। साथ ही नगर को खुले में शौच से मुक्ति प्लस की मान्यता और कचरा मुक्त शहर की एक सितारा रेटिंग प्राप्त हुई है, जो नगर की साफ-सफाई व्यवस्था और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इस उपलब्धि का श्रेय नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन के कुशल नेतृत्व के साथ-साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ, अन्य अधिकारी, कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, भखारा-भठेली के नागरिकों के संयुक्त प्रयास को जाता है। सभी ने मिलकर जन-जागरूकता अभियान, घर-घर कचरा संग्रहण, गीला-सूखा कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई और सौंदर्यीकरण जैसे अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

नपं अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि यह सम्मान हर उस व्यक्ति की मेहनत का परिणाम है, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से नगर की स्वच्छता व्यवस्था में जुड़ा हुआ है। नगरवासियों ने भी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए नगर पंचायत को धन्यवाद दिया। यह उपलब्धि निश्चित रूप से अन्य नगर निकायों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

### कौशल तिहार पर 21 से 23 तक प्रतियोगिता

**धमतरी।** राज्य में कौशल तिहार-2025 का आयोजन कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करने तथा उनके कौशल के प्रदर्शन पर केंद्रित है। कौशल उत्सव का उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना और विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगताओं के लिए तैयार करना है, जो संभवतः वर्ल्ड स्किल्स 2026 में देश का प्रतिनिधत्व करेंगे। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर 21 से 23 जुलाई एवं राज्य स्तर पर 28 से 30 जुलाई तक किया जायेगा।

### ब्राम्हण समाज की बैठक आज

**धमतरी।** जिला ब्राम्हण समाज की बैठक 19 जुलाई शनिवार को दोपहर 2 बजे सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे रखी गई है जिसमें समाज के संगठन के विस्तार और आगामी कार्य योजना पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी विनोद पांडेय महासचिव ने दी है

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने निकाली रैली

- मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)



छग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर गुरूर ब्लाक के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रथम चरण के आंदोलन में उप प्रातांध्यक्ष छग शिक्षक फेडरेशन के चंद्रभानसिंह निर्मलकर के नेतृत्व में ब्लाक स्तर पर रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छग शासन के नाम नायब तहसीलदार गुरूर श्री मंडावी को ज्ञापन सौंपा।

उप प्रांताध्यक्ष श्री निर्मलकर ने बताया कि केन्द्र के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से लागू करने, जुलाई 2019 से समय-समय पर देय महंगाई भत्ता की लम्बित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में करने, वेतन विसंगति, पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने समेत अन्य मांगें हैं। ज्ञापन रैली में बीआर ठाकुर अधिकारी फेडरेशन, लोकूराम साहू छग शिक्षक संघि तुलसीराम साहू, अतिल साहू, डामनलाल साहू, जगदीश तारम, शशिकुमार अग्रवाल, अजय कौशिक, उमेश साहू, दिलीप सिन्हा, अरविंद गंजीर, मोहन सिन्हा, धनेश यादव, मदनलाल साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# छात्रों ने वीर जवानों के लिए भेजी राखी



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम मुरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 और 02, नवीन प्राथमिक शाला दर्रीपारा और पूर्व प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के स्कूली बच्चों ने रक्षाबंधन के त्योहार पर भारत की सरहद की सुरक्षा में डटे वीर जवानों के लिए राखी भेजी। बच्चों ने अपने घर से राखी लाकर इस कार्यक्रम में भाग लिया। बच्चों ने कहा कि हमारे नवजवान भारत की सीमा में खड़े होकर दिन रात दुश्मनों से लड़ रहे और हमारी सुरक्षा कर रहे। उनकी कलाई कैसे खाली रह सकती है, इसलिए जवानों के लिए पंचायत के माध्यम से राखी भेज रहे हैं। इस अवसर पर राकेश साहू सरपंच, चंद्रशेखर साहू सभापति जनपद पंचायत कुरुद, मुकेश साहू शिक्षक, हमेश्वरी साहू समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति रही।

# संगठन में संघर्ष के साथ स्वयं की इच्छाशक्ति होना आवश्यक

- प्रवीण, जितेन्द्र को सर्व यादव समाज छग युवा प्रकोष्ठ में मिली बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



छत्तीसगढ़ सर्व यादव समाज के युवा प्रकोष्ठ की प्रदेशस्तरीय बैठक राजेन्द्र नगर स्थित गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन में हुई। सभी जिले से पदाधिकारी नवनिर्वाचित हुए। नगरी ब्लॉक सिहावा क्षेत्र से दिनेश कुमार यादव वार्ड क्रं 4 गाताभर्री, तुमड़ीबहार नगरी प्रदेश उपाध्यक्ष बने। प्रवीण यादव सांकरा प्रदेश सचिव, जितेन्द्र यादव बठेनापारा धमतरी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।

नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष डीके यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए उदाहरण पेश करें। संगठन को आगे बढ़ाने के लिए पदाधिकारी को आगे आना होगा। सामाजिक संगठन में वार्ड से लेकर प्रदेश तक युवाओं की भागीदारी हो। समाज के विकास के लिए विश्वास कायम के साथ खरा उतरने की बात कही। जोहन सिंह यादव, ह्रदय यादव जिला अध्यक्ष, योगेश यादव, समाज सिहावा क्षेत्र जीवन यादव, उपाध्यक्ष सिहावा क्षेत्र शुभम यदु , सभापति जनपद पंचायत नगरी श्रवण यादव, सचिव निरंजन यादव, नंद यादव, संतोष यादव उपाध्यक्ष डोमेन्द्र यादव, सहसचिव सर्व यादव समाज सिहावा क्षेत्र कचरु यादव, हिमांशु यादव, टिकेश्वर यादव, रवि यादव, देवचरण यादव, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ भोथली देवव्रत यादव नगरी, धर्मेंद्र यादव मीडिया प्रभारी युवा बनाए गए।

बैठक में सर्व यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, प्रदेश प्रवक्ता कुंजलाल यादव, मीडिया प्रभारी तपेश्वर यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष परमेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# शिविर में बनी आठ छात्रों की आनलाइन वोटर आईडी



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में मतदाता जागरूकता एवं नवाचार के प्रचार प्रसार हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य प्रथम बार मतदान करने वाले छात्रों में मतदान की पारदर्शिता एवं नवीन तकनीकी नवाचारों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस शिविर में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ऐसे छात्राओं का पंजीयन किया गया जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है तथा जिनकी उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष होने वाली है, इस शिविर में वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से नए मतदाता बनने के लिए ऑनलाइन फॉर्म नंबर 6 भरा गया ताकि सभी पात्र मतदाता वोटर कार्ड बनवाकर आगामी निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग कर सके। शिविर में 8 छात्रों की आनलाइन वोटर आईडी बनी।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ चोवाराम यदु ने कहा कि जागरूकता मतदाता लोकतंत्र की नींव है। शिविर में स्वीप प्रभारी तेजराम साहू, पृथ्वीराज साहू, वालेंदुसिंह राजपूत, डेविड कुर्रे समेत अन्य प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं और एडवेंचर पर्यटन पर दिया जोर

# नरहरा जलप्रपात ईको पर्यटन और एडवेंचर टूरिज्म के रूप में विकसित होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी जिला प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक धरोहरों और विविध जैविक संसाधनों से परिपूर्ण एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जिले के वनाच्छादित पर्वतीय अंचलों और जलधाराओं में अनेक दर्शनीय स्थल हैं, जिनमें नरहरा जलप्रपात विशेष रूप से लोकप्रिय होता जा रहा है। इस प्राकृतिक धरोहर को ईको-पर्यटन और साहसिक गतिविधियों (एडवेंचर टूरिज्म) के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन की कोशिश जारी है।

इसी क्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नरहरा जलप्रपात का दौरा कर क्षेत्र का निरीक्षण किया और पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उनके साथ वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, नगरी एसडीएम प्रीति दुर्गम, संबंधित विभागों के अधिकारी, नरहरा जलप्रपात प्रबंधन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित थे।

#### पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिले

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जलप्रपात के आस-पास की मूलभूत सुविधाओं जैसे-सुरक्षित आने-जाने हेतु सीढ़ियों का निर्माण, पूजन स्थल हेतु मंदिर शेड का निर्माण, दिशा-निर्देश हेतु साइन बोर्डों की स्थापना, पर्यटकों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था, खाद्य-पेय हेतु ठेला, चाय-नाश्ते की दुकानें की आवश्यकता को चिन्हित करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए स्थानीय ग्रामीणों को इस स्थल की जिम्मेदारी को आत्मसात करना होगा।



#### बच्चों से किया संवाद

निरीक्षण के दौरान जलप्रपात में घूमने और खेलने आए बच्चों से कलेक्टर ने संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनके अनुभव पूछे और साहसिक खेलों में उनकी रुचि को देखकर स्थल पर एडवेंचर टूरिज्म के संभावनाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मनोरंजन और साहसिक गतिविधियों से जुड़ी सामग्री जैसे-रोप वे, ट्रैकिंग किट, झूले, बच्चों के खेल उपकरण आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।



## खबर संक्षेप

### पारद शिवलिंग का रूद्राभिषेक 21 को

**धमतरी।** 21 जुलाई को सुबह 9 बजे साहू समाज भवन पीपरछेड़ी गा. में निखिलेश्वर महादेव के पारद स्वरूप शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया जाएगा। आचार्य दिलीप मीनपाल रत्नाबांधा द्वारा रूद्राभिषेक किया जायेगा।

### राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक 20 को

**धमतरी।** राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक 20 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे रूद्रेश्वर मंदिर परिसर रूद्री में होगी, जिसमें श्रावणी पर्व पर फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी पवन साहू पीपरछेड़ी गा ने दी है।

### भाजपा सरकार कर रही बिजली बिल में सांय सांय वृद्धि : कादरी

**धमतरी।** युकां के जिला प्रवक्ता तारिक रजा कादरी ने बताया कि डबल इंजन की विष्णुदेव की सरकार हर क्षेत्र में विफल है। भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ के गरीब, मजदूर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को किसी प्रकार की राहत मुहैया नहीं करा पा रही, जिसका उदाहरण बिजली की दरों में लगातार वृद्धि है। विष्णुदेव की भाजपा सरकार ने अपने लगभग 2 वर्ष के कार्यालय में 80 पैसे प्रति यूनिट की दर से वृद्धि कर दी है, जिस कारण लोगों के बिजली बिल डबल आ रहे हैं।

### गांजा का परिवहन करते ग्रामीण पकड़ाया



**नगरी।** एसपी के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिहावा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में बोरी के माध्यम से मादक पदार्थ गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना हुई। मुखबिर के बताये हुलिये के आधार पर थाना सिहावा की टीम द्वारा फॉरेस्ट नाका मेनरोड ग्राम सांकरा के समीप नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रोककर गवाहों के समक्ष पूछताछ एवं तलाशी ली गई। तलाशी में उसके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।

गुरुवार देर रात की घटना, ग्रामीणों में जमकर आक्रोश

# जोरातराई के 40 साल पुराने शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग का जलाधारी खंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम जोरातराई (सिलौटी) के निस्तारी तालाब के पास निर्मित 40 साल पुराने शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग के जलाधारी को किसी अज्ञात तत्वों के द्वारा चोट पहुंचाकर खंडित कर दिया गया है। मंदिर जैसे आस्था के केंद्र पर हमला करने वालों के खिलाफ ग्रामीणों में जमकर आक्रोश है।

गुरुवार की रात किसी असामाजिक तत्वों ने पुराना तालाबपार शीतला मंदिर के समीप शिव मंदिर के अंदर प्रवेश द्वार के समीप स्थापित शिवलिंग के जलाधारी के वाम भाग को वजनदार चीजों से चोट पहुंचाकर खंडित कर दिया है। इस घटना की जानकारी सुबह जब जल चढ़ाने मंदिर पहुंचे ग्रामीण दीपक साहू को हुई। उन्होंने बताया कि मैं प्रतिदिन सुबह शाम यहां पूजा पाठ करने आता हूं। गुरुवार शाम तक शिवलिंग को कुछ नहीं हुआ था। इस घटना को गुरुवार की देर रात को अंजाम दिया गया है। किसी हथौड़े या नुकीले भारी पत्थर से नुकसान पहुंचाया गया है। अन्य श्रद्धालुओं ने बताया कि वे लोग भी शुक्रवार की सुबह ही जब स्नान कर जल चढ़ाने मंदिर पहुंचे तब स्थिति देख आहत हो गये। बहरहाल इस घटना से ग्रामीणों में जमकर आक्रोश है व इस तरह के कृत्य करने वालों की पहचान कर दंडित किए जाने की बात कह रहे हैं।



#### नशेड़ी-गंजेड़ी के अलावा गैबी शक्ति वालों पर शंका

इस घटना को लेकर मंदिर के आसपास के निवासियों एवं कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गांव में 14 से 20 वर्ष तक के युवा पढ़ाई लिखाई छोड़ देर रात गलियों या सुनसान जगहों में बैठकर बीड़ी-गांजा का नशा करते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से इन लड़कों को समझाइश दी जा चुकी है पर सुधर नहीं रहे हैं। उन्हें आशंका है कि कहीं इन्हीं लड़कों ने तो सुनसान का फायदा उठाकर देर रात मंदिर में घुसकर इस घटना को अंजाम दिया होगा। वहीं तंत्र-मंत्र पर विश्वास रखने वाले कुछ ग्रामीणों का कहना है कि सावन का महीना चल रहा है और इस माह गैबी शक्ति वाले भी रात में विचरण करते हैं। इस कांड में उनकी भी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस घटना के बाद अब मंदिर समिति से जुड़े लोग शिवलिंग के नवनिर्माण के साथ अज्ञात शरारती तत्वों के बारे जानकारी लेकर आगे की कार्यवाई करने चर्चा कर रहे हैं।

## धमतरी रेंज में विचरण कर रहा मखना हाथी



**धमतरी।** पिछले माह भर से धमतरी रेंज के विभिन्न परिसरों में विचरण कर रहा मखना हाथी शुक्रवार की शाम को भारतमाला रोड क्रॉस करते हुए दिखाई दिया। निगरानी दल सहायक ने अपने कैमरे में हाथी की फोटो को कैद किया।

## गुरु खुशवंत साहेब के वाहन पर हमला करने वाले उपद्रवियों को तत्काल गिरफ्तार करें



- सतनामी समाज ने मुख्यमंत्री को प्रेषित किया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सतनामी समाज के धर्मगुरु गुरु खुशवंत साहेब के नवागढ़ प्रवास के दौरान उनकी कार पर उपद्रवियों ने हमलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सतनामी समाज धमतरी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस कृत्य को गुरु सम्मान व सतनामी समाज की आस्था पर वार बताया। वर्तमान में गुरु साहेब अनुसूचित जाति विकास प्राधिकारण के उपाध्यक्ष व आरंग के विधायक हैं। वाहन पर हमला करने वालों को तत्काल गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि समाज का मान सम्मान बरकरार रहे।

समाजजनों ने शासन से मांग करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखकर गुरू साहेब को जेट सुरक्षा प्रदान की जाए। मांग करने वालों में विजय सोनवानी, भोलाराम, यादवराम, सुखदेव जोगी, ताम्रध्वज, रामेश्वर कुर्रे, प्रेमचंद, लोकेशकुमार, चंद्रप्रकाश पारले हैं।

## भाजपा सिर्री मंडल के पदाधिकारी सदस्यों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में भाजपा सिर्री मंडल के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों को विधानसभा सदन की कार्यवाही देखने का अवसर मिला। उन्होंने लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को समीप से देखा और समझा। विधानसभा में जनहित के विषयों पर हो रही चर्चा व प्रक्रिया में विधायक या मंत्रियों की भूमिका को समझने का अवसर मिला। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात किए।

गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिला पंचायत धमतरी, डॉ लोकेश साहू अध्यक्ष सिर्री मंडल, थानेश्वर तारक महामंत्री, नारायण साहू उपाध्यक्ष, हरिशंकर साहू सरपंच संघ अध्यक्ष, चंचल साहू सभापति, रूपचंद देवांगन सभापति प्रतिनिधि जनपद पंचायत कुरूद, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, ललिता भतपहरी जनपद सदस्य, एवन साहू जनपद सदस्य, त्रिलोचन साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि, सुनील गायकवाड, रमेश भतपहरी प्रतिनिधि, नरेंद्र ध्रुवंशी सोसाइटी अध्यक्ष, गुलशन साहू सरपंच दरबा, पूरनलाल घृतलहरे सरपंच अछोटी, विजय रात्रे सरपंच, ओमप्रकाश साहू सरपंच, पूजा साहू पूर्व सरपंच फुसेरा, ईश्वरी तारक पूर्व सरपंच गोजी, जीवनलाल साहू, लीलेश साहू, लूकेश साहू व सिर्री मंडल के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा की कार्यवाही को देखा और समझा। भाजपा सिर्री मंडल के पदाधिकारी और सदस्यों ने विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त किया।

## नगर निगम ने 50 से अधिक जर्जर भवन मालिकों को थमाया नोटिस





- तकनीकी टीम ने नगर क्षेत्र में सर्वे कर जर्जर भवनों की सूची तैयार की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान संभावित जनहानि को रोकने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र में स्थित जर्जर और खतरनाक भवनों की पहचान कर उनके मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा के निर्देश पर नगर निगम की तकनीकी टीम द्वारा संपूर्ण नगर क्षेत्र में सर्वे कर जर्जर भवनों की सूची तैयार की गई है, जो आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। निगम के अनुसार वर्षा के दौरान कमजोर ढांचों वाले भवनों के गिरने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे जनहानि की संभावना उत्पन्न होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम ने उक्त भवन मालिकों को तत्काल मरम्मत करवाने या भवन को स्वयं सुरक्षित तरीके से ढहाने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा निगम की प्राथमिकता है। उपायुक्त पीसी सार्वा ने स्पष्ट किया कि जर्जर भवनों में निवासरत ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें नोटिस दिया गया है ताकि सुरक्षा मानको का ध्यान रखा जा सके और ऐसे भवनों में रह रहे लोग एहतियात बरते ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

# विद्युत दर में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना

- बिजली आफिस का घेराव कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद द्वारा विद्युत दर में हुई बढ़ोतरी के खिलाफ धरना प्रदर्शन व विद्युत विभाग का घेराव किया गया। कांग्रेसियों ने नया बस स्टैंड पर तंबू तानकर राज्य सरकार को जमकर कोसा वहीं युवा कांग्रेस ने राज्य में लगातार हो रही ईडी की कार्रवाई का विरोध कर पुतला दहन करने का प्रयास किया।

शुक्रवार को धरना प्रदर्शन को पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव श्रीमती तारिणी नीलम चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुरुद आशीष शर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर,पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू, युकां विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई की मार से जनता परेशान हैं। चौथी बार विद्युत दर में बढ़ोतरी कर राज्य सरकार की निरंकुशता व जनता के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को दर्शाता है।



#### ईडी के विरोध में पुतला फूंकने का किया प्रयास

धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेसी पैदल चलते हुए बिजली आफिस का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। वहीं राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार रामकुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। तत्पश्चात युवा कांग्रेस द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी की कार्यवाही को विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास व राजनीतिक दुर्भावना पूर्वक कार्य किए जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते पुतला दहन का प्रयास किया गया। इस दौरान पुलिस बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

कांग्रेस की राज्य में सरकार थी, बिजली बिल हाफ था। किसानों को पांच एचपी तक निःशुल्क बिजली दी जाती थी। कांग्रेसियों ने कहा कि राज्य में जबसे भाजपा की सरकार आई है तबसे भ्रष्टाचार, लचर कानून व्यवस्था, शिक्षा में युक्तियुक्तकरण से अव्यवस्था, किसानों के लिए खाद बीज की कमी, जंगल की कटाई, स्कूल में किताबों की कमी, मदिरालय में इजाफा हुआ है। भारत माला परियोजना में क्षेत्र में भी जमकर भ्रष्टाचार हुआ है जिसमें अनेक नामचीन भाजपाइयो का नाम उजागर हो रहा है।

धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से युकां जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी, पार्षद मनीष साहू, अर्जुन ध्रुव, जिला महामंत्री प्रमोद साहू, नेता प्रतिपक्ष नपं कुरुद डुमेश साहू, हेमन्त नवरंगे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जानसिंह यादव, रमेश्रर साहू, रवि शर्मा, मनोज अग्रवाल, चन्द्रप्रकाश देवांगन, पप्पू राजपूत, लव चन्द्राकर, योगेश साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

## एनएसयूआई ने किया शुल्क वृद्धि का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कण्डेल में मनमानी फीस वृद्धि के विरोध में एनएसयूआई ने मोर्चा खोलते हुए प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। इस वर्ष जनभागीदारी शुल्क 500 से बढ़ाकर 1000 कर दिया गया है।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि महाविद्यालय में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े तबकों से आते हैं। ऐसे में फीस में की गई यह बढ़ोतरी छात्रों की पढ़ाई के अधिकार पर सीधा हमला है। एनएसयूआई ने कॉलेज प्रशासन से जनभागीदारी समिति और कॉलेज स्टाफ की संयुक्त बैठक बुलाकर फीस में तत्काल संशोधन की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। आगे कहा कि जब तक जिले के सभी कॉलेजों में राहत नहीं मिलती, तब तक बस्ता खाली- जेब खाली, छात्र अधिकार आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। उन्होंने जनभागीदारी शुल्क को पूर्ववत 500 रूपये रखने की मांग की। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के साथ पारसमणि साहू, नोमेश सिन्हा, पूरन सोनी, लिकेश साहू, घनश्याम साहू, समीर मानिकपुरी, हार्दिक, उदय सिन्हा, लक्की ढीमर, सुमीत साहू उपस्थित थे।

कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा

## जिला मुख्यालय के करीब रेलवे रैक पॉइंट बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छोटी लाइन को बड़ी लाइन बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। रैक पॉइंट (यार्ड) बनाने के लिए जगह चयनित करने की प्रक्रिया तेज है। जिला मुख्यालय धमतरी के करीब रैक पॉइंट बनाने कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर के नाम मांग पत्र सौंपा। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि रेलवे यार्ड धमतरी के करीब बनने से व्यापार व्यवसाय में वृद्धि एवं रोजगार के साधन नए साधन उत्पन्न होंगे। यहां बहुत राइस मिले हैं। हजारों टन धान, चावल ट्रकों के माध्यम से अन्य राज्य भेजा जाता है । यार्ड बनने से रेलवे के माध्यम से अन्य राज्य भेजने में आसानी होगी। उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि यहां बड़ी संख्या में आरा मिल है इमारती लकड़ियों को अन्य राज्य भेजा जाता है। यार्ड बनने से इमारती लकड़ियों को सुगमता से भेजा जा सकेगा। पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि धमतरी में ही कोल्ड स्टोरेज, वनोपज, राइस ब्रांड आइल, नमकीन फैक्ट्री सहित कई फैक्ट्री तेजी से विस्तार हो रहे हैं जिन्हे यार्ड की आवश्कता है। ये बनने से व्यापार में प्रगति आएगी। पार्षद योगेश लाल ने कहा कि रेलवे यार्ड बनने से रोजगार के नए अवसर प्रदान होंगे। यार्ड के लिए मजदूर, कुली सहित अन्य आवश्कताएं होंगी जिससे आसपास के लोगों के लिए रोजगार का साधन उपलब्ध हो जाएगा। मांग पत्र सौंपने के दौरान पार्षद पूर्णिमा गजानंद रजक, रामेश्वरी कोसरे, उमा भागी ध्रुव, सूरज गहरवाल उपस्थित थे।

### एक राखी देश के वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम 19 को

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर एक राखी देश के वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम 19 जुलाई शनिवार को दोपहर 2 बजे नगर निगम के घड़ी चौक में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रकला पटेल महामंत्री मोनिका देवांगन ने क्षेत्र की मातृशक्तियों एवं बालिकाओं से अपील की है कि अपने घर आंगन की एक चुटकी मिट्टी और एक राखी लिफाफा में पैक कर अपना नाम लिखकर लाएंगे और महिला मोर्चा की बहनों के पास जमा करेंगे। एकत्रित रक्षा सूत्र को देश की सीमाओं में तैनात वीर सैनिकों को भेजा जाएगा।

## सारंगपुरी पंचायत में अरहर बीज का वितरण




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत भवन सारंगपुरी में क्षेत्र के जनपद सदस्य हरिनारायण साहू, सरपंच रामकुमार यादव, उपसरपंच देवचारण नेताम, मिलेश्वरी पंच, मंजु पंच, कांतिबाई पांच, पंचायत सचिव जीवनलाल साहू, रोजगार सहायक, रोशन साहू ने लखपति दीदियों एवं 12 कृषकों को अरहर मिनीकिट प्रदान किया।

### रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य

**धमतरी।** जिले के ऐसे आवेदक जिन्होने वर्ष 2024 के पूर्व जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी में रोजगार के लिए पंजीयन कराया है, उन सभी को अपना रोजगार पंजीयन आधार कार्ड से लिंक करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 के पूर्व पंजीकृत आवेदक कम्पोजिट भवन के पास स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालयीन दिवस में सभी शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड और आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपने रोजगार पंजीयन को अपडेट करा सकते हैं। आवेदक अपने मोबाइल पर छत्तीसगढ़ रोजगार एप गुगल प्लेस्टोर से डाउनलोड करे या रोजगार कार्यालय की वेबसाईट ईरोजगार डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन अपडेट कर सकते हैं।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876




गोवा-बाम्बे
महालक्ष्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
14 अगस्त, 6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशिः-स्लीपर 12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रूमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

— दवाई मिलने का स्थान —
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज